समाहरणालय भागलपुर

(जिला प्रोग्राम शाखा)

विज्ञापन संख्या – 01 / ~~2024~~–2025

नवगछिया जिला पुलिस मुख्यालय भागलपुर हेतु,

महिला एवं बाल विकास निगम, बिहार, पटना के पत्रांक– WCDC / 1882 / 23, दिनांक–09.08.2023 के आलोक में नवगछिया जिला पुलिस मुख्यालय,भागलपुर में प्रारंभ होने वाले पालना घर हेतु निम्नांकित पद पर स्वीकृत मानदेय एवं संविदा के आधार पर पूर्णतः अस्थायी नियुक्ति हेतु विहित योग्यताधारी उम्मीदवारों (महिला) से विहित प्रपत्र में आवदेन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं–

क्रम सं0	पद का नाम	पद की संख्या	उम्र सीमा	समेकित मासिक पारिश्रमिक	शैक्षणिक योग्यता	अनुभव
01.	क्रेच वर्कर (महिला हेतु आरक्षित)	01 (एक)	अधिकतम 40 वर्ष	14730 / – (चौदह हजार सात सौ तीस रूपये) प्रतिमाह	स्नातक उत्तीर्ण	बच्चों के साथ किसी भी संस्थान / स्कूल / ऑगनबाड़ी / ए ले स्कूल आदि से संबंधित कार्य का 03 साल का अनुभव।
02.	सहायक क्रेच वर्कर (महिला हेतु आरक्षित)	01 (एक)	अधिकतम 40 वर्ष	11640 / – (ग्यारह हजार छः सौ चालीस रूपये) प्रतिमाह	बारहवीं पास अथवा इंटरमीडिएट	बच्चों की देख–रेख से संबंधित कार्यनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी।

01 साक्षात्कार की सूचना मोबाईल / वाट्सएप / सूचना पट्ट पर दी जायेगी।

02 उक्त पद संविदा आधारित है, जो पूर्णतः अस्थायी होगा एवं स्वीकृत मानदेय के अतिरिक्त कोई भी अन्य राशि देय नहीं होगा।

03 अधिकतम उम्र सीमा की गणना 31/12/2024 तक कि जायेगी।

04 संविदा के आधार पर चयन अधिकतम एक वर्ष के लिए होगी तथा 01 वर्ष की अवधि में प्रथम तीन माह परीक्ष्यमान अवधि होगी, इस अवधि में किए गए कार्य मूल्यांकन की समीक्षा उपरांत संविदा अवधि विस्तार का निर्णय सक्षम प्राधिकार द्वारा लिया जायेगा।

05 कार्यरत कर्मी के द्वारा कार्यो एवं दायित्वों के निर्वहन में त्रुटि पाये जाने की स्थिति में सक्षम प्राधिकार द्वारा कर्मी की सेवा अनुबंध अवधि के दौरान भी समाप्त की जा सकती है।

06 सरकार द्वारा योजना बन्द किये जाने अथवा महिला एवं बाल विकास निगम / जिला प्रशासन द्वारा पालनाघर संचालन बंद किये जाने पर चयनित पद पर कार्यरत कर्मी की सेवा स्वतः समाप्त मानी जायेगी तथा कोई भी वित्तीय बोझ वहन नहीं किया जायेगा।

07 उपरोक्त पद पर चयन हेतु आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में पूर्ण बायोडाटा, फोटोग्राफ, योग्यता एवं अनुभव प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति के साथ दिनांक 03/02/2025 के अपराहन 05 बजे तक जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आई0सी0डी0एस0) समाहरणालय, भागलपुर के कार्यालय में निबंधित डाक द्वारा स्वीकार किये जायेंगे। विलम्ब से प्राप्त,त्रुटिपूर्ण एवं अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

08 किसी भी समय इस सूचना को रद्द करने /संशोधित करने का अधिकार चयन समिति / सक्षम प्राधिकार के पास सुरक्षित रहेगा।

09 चयनित अभ्यर्थी / उम्मीदवार को योगदान के समय चरित्र प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

10 लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम एवं विज्ञापन संख्या लिखना अनिवार्य होगा।

17/11/25

उप विकास आयुक्त
भागलपुर।

विज्ञापन संख्याः—...01..../2024—25

पालना घर हेतु (नवगछिया जिला पुलिस मुख्यालय, भागलपुर) आवेदन का विहित प्रपत्र का प्रारूप

पासपोर्ट साइज फोटो

स्वअभिप्रमाणित

1. आवेदित पद का नामः— ....

2. अभ्यर्थी का पूरा नामः— ....

3. पिता/पति का नामः— ....

4. पत्राचार का पताः— ....

5. स्थायी पता :— ....

....

....

6. फोन नं0/मोबाईल नं0:—..

7. शैक्षणिक योग्यताः—(अभिप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।)

....

8. अनुभव (यदि हो तो) प्रमाण पत्र संलग्न करना आवष्यक है।..

....

10.उम्र (जन्म तिथि) (अभिप्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।) ....

घोषणा—पत्र

मैं..पिता/पति..ग्राम..

पोस्ट..............................थाना..............................जिला..............................घोषणा करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी सत्य है। गलत सूचना/जानकारी पाये जाने पर मेरे ऊपर कारवाई की जा सकती है। साथ ही यह भी घोषणा करती हूँ की स्थाई नौकरी का दावा पेश नहीं करूँगी।

तिथि..............................

स्थान..............................

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर